# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.07.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,आज,परफेक्ट मिशन," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला –दि0 09.07.2026

## बैंक्वेट हॉल और मैरिज लॉन संचालक 15 दिन में जमा करें कंपाउंडिंग नक्शा

**वीडीए की समीक्षा बैठक में मानकों के पालन पर जोर**

**वाराणसी।** वीडीए ने शहर में बैंक्वेट और मैरिज लॉन के मानक अनुरूप संचालन के लिए बैठक की। बुधवार को सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे 15 दिनों में प्रतिष्ठानों का कंपाउंडिंग नक्शा और शमन मानचित्र प्राधिकरण में प्रस्तुत करें।

सचिव ने कहा कि आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर एक सप्ताह में नियमानुसार स्वीकृति दें। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी बाधा न आए। कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य किसी भी प्रतिष्ठान के संचालन में बाधा उत्पन्न करना नहीं, बल्कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निर्धारित भवन उपविधियों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित कराना है।

बैठक में जोन-1 से जोन-5 तक के अधिकारियों ने बताया कि कई बैंक्विट हॉल और मैरिज लॉन बिना स्वीकृत मानचित्र या निर्धारित भवन मानकों का पालन किए चल रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में पार्किंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, अग्निशमन व्यवस्था और अन्य सुरक्षा मानकों में भी कमियां पाई गई हैं। ब्यूरो

### आज –दि0 09.07.2026

## अमेरिका निवासीने कल्लीपुर योजनामें लिया आवास

संयुक्त राज्य अमेरिकामें निवास कर रहे अमित कुमार नामक व्यक्तिने आनन्द काशी आवासीय योजना कल्लीपुरके विकास हेतु लैण्डपुलिंगमें सहभागी बने। लैण्डपुलिंग योजनामें उन्होंने कुल दस आराजियों २९०, ३२९, ३३०, ३३१, ३३३, ६१७, ६१८, ४५५, ४५६ एवं



४६४ कुल मिलाकर १९ हजार ८२० वर्ग मीटर क्षेत्रफल, जबकि एक अन्य प्रार्थना पत्रमें कुल छह आराजियां ६१७, ६१८, ४६५, ४५६ और ४६४ कुल चार हजार १३० वर्ग मीटरके लिए लैण्डपुलिंगके माध्यमसे उपलब्ध कराया गया। इस अवसरपर मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष विकास प्राधिकरण एस.राजलिंगम, उपाध्यक्ष पूर्ण वोरा, अपर सचिव डॉक्टर गुडाकेस शर्मा, अमित कुमार, विनीत कुमार सिंह और श्रीमती जावित्री देवीको प्रशस्ति पत्र दिया। लैण्डपुलिंगमें सहभागी बने भूस्वामियोंको भूखण्ड आवंटन प्रक्रियाके दौरान पात्रताके आधारपर दिया जायेगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


परफेक्ट मिशन –दि0 09.07.2026

## बैंक्विट हॉल और मैरिज लॉन के लिए वीडीए सख्त

- नक्शा पास कराने और सुरक्षा मानकों के लिए दिया 15 दिन का समय
- 15 दिनों में दें शमन नक्शा, एक हफ्ते में होगी स्वीकृति :सचिव डॉ. वेद प्रकाश

**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** शहर में संचालित बैंक्विट हॉल और मैरिज लॉन को सुरक्षित और नियमसम्मत बनाने के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के निर्देशानुसार, सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संचालकों को कड़े निर्देश दिए गए। सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने स्पष्ट किया कि सभी संचालक 15 दिनों के भीतर अपना कंपाउंडिंग (शमन) नक्शा वीडीए में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। प्राधिकरण प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार नक्शा स्वीकृत करेगा, ताकि भविष्य में किसी भी प्रशासनिक या विधिक कार्रवाई से बचा जा सके। बैठक में निर्देश दिए गए कि रिंग रोड और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 5-7 वर्षों में बने मैरिज लॉन में पार्किंग, एंट्री-एग्जिट और फायर सेफ्टी मानकों में कमी पाई गई है, जिसे तुरंत दुरुस्त करने को कहा गया है। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि अग्निशमन व्यवस्थाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि मौके पर पूरी तरह क्रियाशील होनी चाहिए। वीडीए का उद्देश्य किसी भी व्यवसाय में बाधा डालना नहीं, बल्कि जनसुरक्षा सुनिश्चित करना है। वैधानिक कार्यवाही में पारदर्शिता बरती जाएगी। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित जोन-1 से जोन-5 तक के सभी जोनल अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में बैंक्विट हॉल एवं मैरिज लॉन संचालकों ने भवन उपविधियों का पालन करते हुए समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करने का आश्वासन दिया।